the Translators' category for the last three years.

(d) A joint representation has been received in this regard. Seniority List of Sr. Translators of Central Translation Bureau has been issued on 8.12.95, as per the directions of the Central Administrative Tribunal.

Allotment of Petrol Pumps in Chandigarh

1697. SHRI BHUPINDER SINGH MANN: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) how many petrol pump distributorships were allotted in Chandigarh and other towns of Punjab under different categories during the last three years;

(b) whether the norms laid down for allotment of petrol pumps have been strictly complied with; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) During the last 3 years i.e. 1992-93 to 1994-95, 5 retail outlets at Chandigarh and 66 retail outlets in other towns of Punjab were awarded on the basis of the recommendations of the Oil Selection Boards.

(b) and (c) The selections of dealers have been made by the Boards in accordance with the laid down procedure.

[मध्य प्रदेश में वायु प्रदूषण]

1698. **श्री अजीत जोगी :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मध्य प्रदेश विशेषरूप् से कोरबा शहर में वायु प्रदूषण के बारे में कोई शिकायतें प्राप्त हुई है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ग) इस समय देश के बड़े शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर कितना है और इसके क्या कारण है, और

(घ) सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं ?

पर्यावरण और वन मत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) सामान्यतया मध्य प्रदेश में तथा विशेषरूप से कोरबा में वायु प्रदूषण के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं । कोरबा के बारे में शिकायत राष्ट्रीय-ताप विद्युत निगम से ताप विद्युत संयंत्रों और मध्य प्रदेश विद्युत बोर्ड से होने वाले प्रदूषण से संबंधित है ।

(ग) प्रमुख नगरों में जन संख्या में वृद्धि होने, मोटर-गाड़ियों, औद्योगिक गतिविधियों तथा प्राकृतिक धूल भरी परिस्थितियों के कारण वायु प्रदूषण के स्तरों में वृद्धि हो रही है । देश के प्रमुख नगरों में वायु प्रदूषण की स्थिति का ब्यौरा विवरण में दिया गया है । (नीचे देखिये)।

(घ) सरकार ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं जिनमें निम्नुलिखित शामिल हैं:-

1.प्रदूषण नियंत्रण के लिए पर्यावरण (सुरक्षा अधिनिमय, 1986 के अन्तर्गत उत्सर्जन मानक अधिसूचित किए गए है ।

2.मई 1994 में पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना द्वारा विशेष उद्योगों के स्थान निर्धारिण एवं प्रचालन के लिए पर्यावरणीय दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं ।

3.उद्योगों को कहा गया है कि वे उत्सर्जनों को निर्धारित मानकों के भीतर रखने के लिए राज्य प्रदूषण बोर्ड की सहमति अपेक्षाओं का पालन करें । दोषी इकाइयों के विरूद्ध संगत अधिनियमों के अन्तर्गत कानूनी कार्रवाई की जाती है ।

4.प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने और प्रदूषक उद्योगों को भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से शिफ्ट करने के लिए भी वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाते हैं ।

5.परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों का एक नेटवर्क स्थापित किया गया है।

6.वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमावली, 1989 के अन्तर्गत ठोस और द्रव उत्सर्जन मानक अधिसूचित किए गए हैं ।

7.लोगों को सांविधिक/दण्डात्मक उपबंधों तथा वायु प्रदूषण से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी खतरों के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ।

8. कैटेलिटिक कन्वर्टर्स युक्त चार-पहिए वाले पेट्रोल

चालित वाहनों में प्रयुक्त किए जाने हेतु पहली अप्रैल, 1995 से दिल्ली, बम्बई, कलकता और मद्रास के चार महानगरों में सीमा रहित पेट्रोल शुय किया गया है ।

विवरण

बड़े नगरों में वायु प्रदूषण के स्तरों का रूख

1993-94 के दौरान प्रमुख वायु प्रदूषकों का वार्षिक औसत सान्द्रता (प्रतिघन मीटन माइक्रोग्राम में) :

क्र0 सं	शहरा	प्रदूषक		
		सल्फर डाई-आक्साइड (एस $ओ_2$)	नाईट्रोजन आक्साइड (एन $ओ_x$)	निलंबित धूलकण (एस पी एम)
1.	दिल्ली	137.7-30.7	25.7-51.7	322-622
2.	बम्बई	6.0-49.5	6.0-33.1	92-475
3.	कलकत्ता	16.3-65.1	18.1-62.0	235-640
4.	मद्रास	69.0-233	9.1-27.1	71-141

*** भावनगर-तारापुर-मुम्बई के बीच एक्सप्रेस राजमार्ग**

का निर्माण किया जाना

1699. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय तारापुर-भावनगर-मुम्बई के बीच चलने वाले यातायात का ब्यौरा क्या है,

(ख) क्या सरकार सौराष्ट्र और मुम्बई के बीच दूरी कम करने की दृष्टि से इस शताब्दी के दौरान भावनगर-तारापुर-मुम्बई के बीच समुद्री तट के साथ-साथ एक एक्सप्रेस का निर्माण करने का विचार रखती है,

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है,

(घ) क्या सरकार किसी अप्रवासी भारतीय, बहुराष्ट्रीय कम्पनी अथवा किसी निजी कम्पनी द्वारा इस राजमार्ग का निर्माण कराने का विचार रखती है, और

(ड़) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री एम0 राजशेखर) : (क) से (ड़) यह मंत्रालय मुख्यतया केवल राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख-रखाव के लिए जिम्मेदार हैं । राष्ट्रीय राजमार्गों को छोड़कर शेष अन्य सभी सड़कों के विकास और रख-रखाव के लिए संबंधित राज्य सरकार जिम्मेदार हैं । तारापुर तथा भावनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं हैं ।

Assistance to Destitute Children from National Foundation for Communal Harmony

1700. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of destitute children of the victims of communal disturbances who have been provided assistance from National Foundation for Communal Harmony and amount given to each individual;

(b) the State-wise number of children getting the assistance from the foundation; and

(c) the number of children of victims who died in the Urdu Telecast disturbances receiving assistance in Karnataka?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (PROF. M. KAMSON): (a) The